Subject Code : **03 (NS)**

3210568

# HINDI

Time : 3 Hours 15 Minutes] [Total No. of questions : 49] [Max. Marks : 100

सूचनाएँ :

1. *सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना अनिवार्य है।*
2. *प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना आवश्यक है।*

I. अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : **(6 × 1 = 6)**

1) कटिया का ढ़ेर देखकर कौन दंग रह गई?
2) माँ के चेहरे पर क्या थी?
3) 'एक कहानी यह भी' की लेखिका कौन है?
4) कावेरी नदी का बाँध किस नाम से मशहूर है?
5) फाइल में से किसकी आवाज आयी?
6) गौतम बुद्ध को जापानी भाषा में क्या कहते हैं?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(3 × 3 = 9)**

7) धर्म-पालन करने के मार्ग में क्या-क्या अड़चन आते हैं?
8) मन्नू भंडारी के बचपन के बारे में लिखिए।
9) मैसूर राज्य के विकास में विश्वेश्वरय्या के योगदान के बारे में लिखिए।
10) बड़े साहब ने नारद से दफ्तरों के रीति-रिवाज के बारे में क्या कहा?
11) जापान के 'बुलेट-ट्रेन' पर टिप्पणी लिखिए।

03 (NS)

(4 × 1 = 4)

II. अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे?

12) 'आधी रोटी खाओ, भगवान का भजन करो और पड़े रहो।'

13) 'लौटकर बहुत कुछ गुबार निकल जाए तब बुलाना।'

14) 'माँ का क्या होगा।'

15) 'इनकम होती तो टेक्स होता। भूखमरा था।'

आ) निम्न लिखित में से **किन्हीं दो** का सन्दर्भ स्पष्टीकरण कीजिए। (2 × 3 = 6)

16) 'अच्छा, तुम्हारे सामनें यह ढ़ेर है। इसमें से जितना उठाकर ले जा सको, ले जाओ।'

17) 'कर्तव्य करना न्याय पर निर्भर है।'

18) 'वत्स, देश का वातावरण ही जब प्रदूषित हो गया तब मैं कैसे बच सकती थी।'

19) 'चूड़ीयाँ कहाँ से लाऊँ बेटा, तुम तो जानते हो, सब जेवर तुम्हारी पढ़ाई में बिक गए।'

III. अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : (6 × 1 = 6)

20) अंग-अंग में किसकी सुगंध समा गई है?

21) रहीम किसे बावरी कहते हैं?

22) बेटी किन्हे गहने मानती है?

23) कवि नरेन्द्र शर्मा के अनुसार प्रतिहिंसा क्या है?

24) कवि ने बूढ़ा चौकीदार किसे कहा है?

25) तमिलनाडु में रामायण का ज्ञान कौन दे रहा है?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (2 × 3 = 6)

26) सूरदास ने माखन चोरी प्रसंग का किस प्रकार वर्णन किया है?

27) मानवता के प्रति कवि नरेन्द्र शर्मा के विचार प्रकट कीजिए।

28) वृक्ष न दिखने पर कवि उसकी यादों में कैसे खो गए?

29) कवि दुष्यंत कुमार के अनुसार समाज में क्या फैला है?

इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : (2 × 4 = 8)

30) i) रैदास श्रम करि खांइहि
जो लौ पार बसाय।
नेक कमाई जउ करइ
कबहुँ न निहफल जाय।।

अथवा

ii) अधर–धरत हरि कैं परत, ओठ–डीठि–पट–जोति।
हरित बाँस की बाँसुरी, इन्द्र धनुष–रंग होति।।

31) i) क्या अमरों का लोक मिलेगा
तेरी करूणा का उपहार?
रहने दो हे देव! अरे
यह मेरा मिटने का अधिकार

अथवा

ii) परम पुनीत नीर कावेरी, मस्तक धर कर्नाटक में।
पम्प महाकवि के दर्शन, कर लो चलकर कर्नाटक में
बसवेश्वर या अक्कमहादेवी कर्नाटक में गाते।
रामानुज आचार्य 'मेलकोटे' में दर्शन दे जाते।।

(5 × 1 = 5)

IV. अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :

32) हर बात पर अपने मायके की तारीफ कौन करती रहती है?

33) दादाजी के अनुसार परिवार किस पेड़ के समान है?

34) किसे दूसरों का हस्तक्षेप और आलोचना पसंद नहीं है?

35) संस्कृत के महाकवि कौन है?

36) भारवि की माँ का नाम क्या है?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(2 × 5 = 10)**

37) i) बोला ने सारा फर्नीचर और सामान कहाँ रख दिया?

अथवा

ii) दादा जी ने किस अभिप्राय से सभी को बुलाया और क्यों?

38) i) सुशिला के अनुरोध पर श्रीधर ने भारवि को कहाँ–कहाँ और कैसे तलाश करने का वचन दिया?

अथवा

ii) महा पंडित श्रीधर का चरित्र – चित्रण कीजिए।

V. अ) वाक्य शुद्ध कीजिए : **(4 × 1 = 4)**

39) i) भैंस का ताकतवर दूध होता है।

ii) लड़की ने पत्र लिखी।

iii) उसका हाथ काँप रही थी।

iv) वह एक दिन मेरा पास आया था।

आ) कोष्टक में दिए गए कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए : (4 × 1 = 4)

(को, से, की, में)

40) i) रमेश ________ तीन बहने हैं।

ii) हम लोग बाग ________ घूमेंगे।

iii) वह गाड़ी ________ उतरा।

iv) मैं ने ब्राह्मण ________ धन दिया।

इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : (3 × 1 = 3)

41) i) निमोनिया से रोगी मर जाएगा। (वर्तमान काल में बदलिए)

ii) मीरा आँसू बहाती है। (भविष्यतकाल में बदलिए)

iii) जन संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। (भूतकाल में बदलिए)

ई) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : (4 × 1 = 4)

| | |
|---|---|
| 42) i) टाँग अड़ाना | a) तेज दौड़ना |
| ii) छाती से लगाना | b) मौज मस्ती करना |
| iii) हवा से बात करना | c) व्यर्थ में दखल देना |
| iv) गुलछर्रे उड़ाना | d) प्यार करना |

उ) अन्य लिंग रूप लिखिए : (3 × 1 = 3)

43) i) विधुर

ii) हाथी

iii) ठाकुर

(3 × 1 = 3)

ऊ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :

44) i) अच्छे चरित्रवाला

ii) कमल के समान नयन

iii) कुम्भ को करनेवाला

ए) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए : (2 × 1 = 2)

45) i) पूत

ii) ज्ञान

ऐ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए : (2 × 1 = 2)

46) i) मासिक

ii) लिंगवंत

VI. अ) किसी एक विषय पर निबंध लिखिए : (1 × 5 = 5)

47) i) a) प्रदूषण की समस्या।

b) बेरोजगारी की समस्या।

c) विद्यार्थी और अनुशासन।

अथवा

ii) छात्रवृत्ति के लिए अपने कालेज को आवेदन पत्र लिखिए।

आ) निम्नलिखित अनुछेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (5 × 1 = 5)

48) धर्म को लोगों ने धोखे की दुकान बना रखा है। वे उसकी आड़ में स्वार्थ सिद्ध करते हैं। बात यह है कि लोग धर्म को छोड़कर सम्प्रदाय के जाल में फँस रहे हैं। समप्रदाय बाह्य कृत्यों पर जोर देते हैं। वे चिन्हों को अपनाकर धर्म के सार-तत्व को छोड़ देते हैं। धर्म मनुष्य को अंतर्मुखी बनाता है। उसके हृदय किवाड़ों को खोलता है, उसी आत्मा को विशाल, मन को उदार तथा चरित्र को उन्नत बनाता है। सम्प्रदाय संकीर्णता सिखाते हैं, जात-पांत, रूप-रंग तथा ऊँच - नीच के भेद भावों से ऊपर नहीं उठने देते।

प्रश्न :

i) धर्म को लोगों ने किसकी दुकान बना रखी है?

ii) लोग धर्म को छोडकर किसके जाल में फंस रहे हैं?

iii) लोग किनको अपनाकर धर्म के सार तत्व को छोड़ देते हैं?

iv) धर्म मनुष्य को क्या बनाता है?

v) सम्प्रदाय क्या सिखाता है?

इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए : (5 × 1 = 5)

49) i) ಮಹಾತ್ಮಾ ಗಾಂಧೀಜಿಯವರು ಅಕ್ಟೋಬರ 2,1869 ರಲ್ಲಿ ಜನಿಸಿದರು.

Mahatma Gandhi was born on 2nd October 1869.

ii) ಅವರು ಸತ್ಯ ಮತ್ತು ಅಹಿಂಸೆಯನ್ನು ಪಾಲಿಸುತ್ತಿದ್ದರು.

He was follower of truth and non–violence.

iii) ಕೇವಲ ಹಣದಿಂದಲೇ ಯಾರೂ ಸುಖವನ್ನು ಗೆಲ್ಲಲಾರರು.

One cannot get happiness merely by acquiring money.

iv) ಭಾರತವು ಕೃಷಿ ಪ್ರಧಾನ ದೇಶವಾಗಿದೆ.

India is an agricultural country.

v) ನಾಳೆಯು ತಿಂಗಳ ಕೊನೆಯ ದಿನಾಂಕವಾಗಿದೆ.

Tomorrow will be last day of the month.